Title: Need to provide additional funds to State Government of U.P. for purchase of heavy rig machines for continuance of Free Bore Plan in drought affected Banda and Chitrakut districts

श्री राम सजीवन (बांदा): उत्तर प्रदेश के सूखा पीडित बांदा और चित्रकूट जिलों में छोटे मझोले किसानों को सिंचाई सुविधा देने हेतु फ्री बोर योजना चलाई जा रही है। उस योजना के अन्तर्गत जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण बांदा ने कई वर्ष पूर्व एक हैवी रिंग मशीन क्रय करने का निर्णय लिया था और 56 लाख रूपयों की स्वीकृति प्रदान कर दी थी। उक्त धनराशि लघु सिंचाई विभाग उ0प्र0 लखनऊ के पास भेज दी गई थी। किंतु, कई वर्षो पूर्व अवमुक्त की गई धनराशि से मशीन खरीदने में अत्यंत विलम्ब किया गया है। विलम्ब के कारण मशीन की लागत बढी। लघु सिंचाई विभाग उ0प्र0 लखनऊ ने डी0आर0डी0ए0 बांदा से कुछ लाख रूपये अतिरिक्त मांगे गये। डी0आर0डी0ए0 बांदा ने बढी हुई राशि की मांग की पूर्ति कर दी और कुल लागत के साठ लाख रूपये लघु सिंचाई विभाग उ0प्र0 के पास भेज दिए। लघु सिंचाई विभाग उ0प्र0 लखनऊ ने आयुक्त ग्रामीण विकास उ0प्र0 लखनऊ से उक्त मशीन क्रय करने हेतु पुनः स्वीकृति मांगी है। आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग उ0प्र0 लखनऊ के पास यह प्रकरण लम्बित है।

चूंकि इस धनराशि में भारत सरकार का अंशदान शामिल है। इसलिए किसानों के हित में भारत सरकार उक्त मशीन खरीदने और बांदा जिले से विभाजित न्ये जिले चित्रकूट में भिजवाने और नलकूप बोर कराने में शीघ्र सहायता करें। सूखा पीडित किसानों को राहत प्रदान करें।